तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार, 8 मार्च 2025
[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

14 जन औषधि दिवस मनाया, सांसद व डाक्टरों...


14 जनपद कांकेर की टीम ने मिलकर काम करने की ...


# टाई होने पर पालिका उपाध्यक्ष का फैसला लाटरी से हुआ, भाजपा के उत्तम की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पालिका उपाध्यक्ष चुनाव, भाजपा एवं कांग्रेस प्रत्याशी को मिले थे 10-10 वोट
- भाजपा के 12 वोट होने के बाद भाजपा प्रत्याशी को मिले 10 वोट
- भाजपा के दो पार्षदों ने दोनों प्रत्याशियों को दे दिया था मत

नगरपालिका उपाध्यक्ष का 6 मार्च को शपथ होने के उपरांत 7 मार्च को उपाध्यक्ष का चुनाव सुबह 11 बजे प्रारंभ हुआ। भाजपा के दो वोट निरस्त होने के चलते भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी को 10-10 वोट मिले। अंत में लाटरी निकाली गई, उसमें भाजपा के प्रत्याशी उत्तम यादव विजयी घोषित हुए। उत्तम की ▶▶|शेष पेज 13 पर



## भाजपा से उपाध्यक्ष के लिए थे 6 दावेदार

भाजपा की ओर से उपाध्यक्ष के 6 दावेदार थे, जिसमें उगेश्वरी उइके, सलीम मेमन, टिकेंद्र ठाकुर, हितेंद्र खटवानी, उत्तम यादव, मीरा सलाम के नाम चर्चा में थे। इन नामों की चर्चा पार्षद के परिणाम के दिन से चल रही थी। भाजपा संगठन ने तीन नाम का पैनल भेजा था, उसमें एक नाम तय होकर आया और पार्टी ने उत्तम यादव के नाम को अंतिम समय में फायनल किया। मतदान के समय भाजपा के किन दो पार्षदों ने अपना मत दोनो को दिया, यह पता लगाना भाजपा पार्टी के पदाधिकारियों के लिए बड़ा चैलेंज है। इसमें एक चेहरा तो चिन्हांकित है, जिसने एक स्थान पर कहा था कि मुझे मौका नहीं मिला तो हम वोट भाजपा को नहीं देंगे। उसने कम से कम एक जनप्रतिनिधि के 10 चक्कर लगाया था।

## भाजपा के दो वोट हुए निरस्त

भाजपा के 11 पार्षद एवं अध्यक्ष सहित 12 वोट थे। भाजपा आश्वस्त थी कि 12 वोट मिलना तय है, इसलिए किसी कांग्रेसी से संपर्क करने का प्रयास नहीं किया। मतदान के समय भाजपा के दो पार्षद ने दोनो प्रत्याशियों के नाम के सामने क्रास लगा दिया, जिससे यह दोनो मत निरस्त हो गए। दोनो मतों के निरस्त होने पर लाटरी निकालने की जानकारी सभी को बताया गया, उसके उपरांत लाटरी निकाली गई और परिणाम भाजपा के खाते में गई। यह जीत भाजपा की नहीं सीधे पार्षद उत्तम यादव की बनती है। उनका इस बार हौसला कुछ ज्यादा ही बुलंद था। दूसरे वार्ड में जाकर चुनाव लड़कर पार्षद बनें और इस बार भी उनकी किस्मत ने साथ दिया।




## *हरिभूमि ने किया था आगाह*

*हरिभूमि ने एक दिन पहले भाजपा के कुछ लोगों को आगाह किया था कि आपके दो पार्षद क्रास वोटिंग कर सकते है, परंतु उन्होने उतनी गंभीरता से नहीं लिया और अंततः भाजपा के दो वोट क्रास हो गए। संयोग से भाजपा के प्रत्याशी की किस्मत बुलंद थी, इसलिए भाजपा की किरकिरी होने से बच गई।*

## *दस दस वोट मिलने पर कांग्रेसी थे खुश*

*भाजपा के प्रत्याशी को दस वोट मिलने के उपरांत कांग्रेसी कुछ ज्यादा खुश नजर आ रहे थे, परंतु दोनो पार्टी के प्रत्याशियों के धड़कनों की संख्या बढ़ गई थी। दोनो प्रत्याशी अपने अपने ईष्ट देव को याद कर रहे थे। अंततः उत्तम यादव के नाम की लाटरी निकलते ही कांग्रेसियों के चेहरे फिर से मुरझा गए।*

## *कसम भी सही हो गई*

*पार्षदों को वोट देने के लिए कसम खिलाया गया था। क्रास करने वाले पार्षदों ने दोनो प्रत्याशियों को वोट दे दिया। क्रास करने वाले पार्षदों का मानना हो सकता है कि मैने भगवान के सामने वोट देने की कसम खाया, इसलिए मैने दोनो को वोट दे दिया। कसम में भी वो झूठा नहीं कहलाया, यानी भगवान के सामने खाई कसम भी उसकी पूरी हो गई।*

# सड़क हादसे में युवक की मौत विवेचना के बाद रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




नरहरपुर थानांतर्गत चारभाटा और जामगांव के बीच पुलिया में हुई सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

विवेचना में पाया गया कि दो माह पहले 21 जनवरी को किशोर कुमार यादव अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एस 6327 में सवार होकर और रितेश कुमार मरकाम अपने मोटर सायकल सोल्ड से अलग-अलग लेवर लेने कुरालठेमली से दुधावा जा रहे थे। चारभाटा और जामगांव के बीच पुलिया के पास शाम 6 बजे पहुंचे थे कि जामगांव ▶▶|शेष पेज 13 पर

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्‌टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
29 अप्रैल 2025
10 मई 2025
23 मई 2025
02 जून 2025
29 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025, 09 जून से 17 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411




7 वंडर सिटी | 7389900999, 6262110999
महादेव घाट के आगे, सांकरा (अम्लेश्वर) पाटन रोड, ग्रेटर रायपुर
साइट विजिट के लिए स्कैन करें
Bank Account Name - MARUTI INFRAA CITY PVT LTD 7 WONDER CITY RERA RECEIVABLES ACCOUNT NUMBER 004772500000257 | IFSC CODE - YESB0000047 | Branch - YES Bank Limited, Civil Lines, Raipur (C.G.) इसके अलावा हमारा कोई और बैंक एकाउंट नही है, और हमारी कोई ब्रांच नही है। हमारे यहाँ किसी भी प्रकार का कैश लेन-देन नहीं किया जाता। प्लॉट बुकिंग हेतु 25% राशि अनिवार्य है, प्लॉट बुकिंग Confirmation हेतु विक्रय एग्रीमेंट अनिवार्य है, प्लॉट की रजिस्ट्री, प्लॉट की बुकिंग दिनांक से 60 दिन के अन्दर करना अनिवार्य है, अन्यथा विक्रेता को यह अधिकार होगा कि वह प्लॉट की बुकिंग रद्द कर सकता है। Web : www.marutiinfraacitypvtltd.com, Email : marutiinfraacitypvtltd@gmail.com , Image For Representation Purpose Only
2500 sq.ft की रजिस्ट्री पर 100 ग्राम सोना फ्री, 2000 sq.ft की रजिस्ट्री पर 80 ग्राम सोना फ्री, 1800 sq.ft की रजिस्ट्री पर 72 ग्राम सोना फ्री, 1500 sq.ft की रजिस्ट्री पर 60 ग्राम सोना फ्री, 1300 sq.ft की रजिस्ट्री पर 52 ग्राम सोना फ्री, 1200 sq.ft की रजिस्ट्री पर 48 ग्राम सोना फ्री, 1100 sq.ft की रजिस्ट्री पर 44 ग्राम सोना फ्री, 900 sq.ft की रजिस्ट्री पर 36 ग्राम सोना फ्री

# विश्व महिला दिवस



आज की महिला अब अबला नारी नहीं रही, उसके पास शिक्षा रूपी हथियार है, जो उसे सशक्त बना दिया है। आज महिला पुरूष के साथ बराबर कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहीं है। बात कांकेर जिले की विगत वर्षो से जिले में बालिका शिक्षा व महिला साक्षरता के क्षेत्र में अविस्मरणीय कार्य हुए हैं। यही वजह है कि यहां की बालिकाएं उच्च शिक्षा हेतु विभिन्न शहरों में पढ़ाई कर डाक्टर, इंजीनियर, आई पी एस,आई एस बनकर जिले में अपनी सेवाएं देने के लिए तत्पर है। उन्हें अच्छी शिक्षा देना आवश्यक है क्योंकि आज की बालिका कल के भारत का भविष्य है वही महिला बनकर भारत को नई उंचाई पर ले जाकर एक नई इबारत लिखेगी

**श्रीमती सुमित्रा मारकोले**
पूर्व विधायक
विधानसभा क्षेत्र, कांकेर

“ जीवन की कला को
अपने हाथो से साकार कर,
नारी ने संस्कृति का रूप निखारा हैं,
नारी का अस्तित्व ही
सुन्दर जीवन का आधार हैं,
महिलाओं को दे शिक्षा का उजियारा,
पढ़-लिख कर करें रोशन जग सारा... ”






अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस की आप सभी को बधाई। वर्तमान समय में महिलाएं स्वयं प्रेरित होकर अपनी राह बना रही है। महिलाएं शहरी हो या ग्रामीण सशक्तिकरण का भाव परिलक्षित हो रहा है। सामाजिक, आर्थिक एवम राजनीतिक क्षेत्र मे दखल दिखाई दे रही है। महिलाओं का हौसला आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान ही उन्हे शिखर तक पहुंचाएगी।

**क्यों कहती है दुनिया कि नारी कमजोर है,
आज भी नारी के हाथों में
घर चलाने की डोर है।**

**डॉ. सरला आत्राम**
प्राचार्य
बी.पी.डी. शासकीय पीजी कॉलेज, कांकेर



बात चाहे शिक्षा की हो, सुरक्षा की हो, स्वास्थ्य की हो महिलाओं की स्थिति अभी दोयम ही है। अतः उनके सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देना होगा। अब समय आ गया है महिलायें अबला ना बन सबला बनें।

अपने प्रति हुए समस्त अत्याचारों के प्रति सजग होते हुए चाहें वे भावनात्मक हो, शारीरिक हो, पारिवारिक हो उनका सामना करें। निर्भय होकर अपनी आवाज लोगों तक पहुंचायें।

**श्रीमती सरोज ठाकुर**
पूर्व अध्यक्ष
नगर पालिका कांकेर



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने के लिए मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का एक प्रतीक है।

भारतीय संस्कृति में नारी को देवी का स्वरूप माना गया है, और आज की नारी घर की जिम्मेदारियों से लेकर हर क्षेत्र में देश की प्रगति में योगदान दे रही है। इस विशेष दिन पर हम उन सभी महिलाओं को प्रणाम करते हैं, जिन्होंने अपने साहस, समर्पण और मेहनत से समाज में एक मिसाल कायम की है।

**मां, आज मैं जो कुछ भी हूं,
सिर्फ आपकी वजह से हूं, आप मेरी प्रेरणा हैं।**

**श्रीमती तारा ठाकुर**
उपाध्यक्ष
जिला पंचायत कांकेर



वर्तमान परिपेक्ष्य में महिलाओं की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है। महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक सभी क्षेत्रो में दखल रखना होगा एवं इन क्षेत्रों में अपनी जिम्मेदारी भी निभानी होगी। अपने दायित्यों के निर्वहन के द्वारा ही महिलाएं दुनिया की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करेंगी। अपनें अधिकारों के प्रति सजकता एवं उनका उपयोग उन्हे अस्तित्व को कायम रखने मे मदद करेगी। महिलाएं परिवार का स्तम्भ है। अतः उन्हे शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्रों में भी भूमिका निभानी होगी। इन सभी दायित्वों का निर्वहन करने से ही महिला सशक्तिकरण एवं महिला दिवस सही प्रार्थना में सार्थक होगा।

**डॉ. रश्मि सिंह**
प्राचार्य महर्षि बाल्मीकी महाविद्यालय
भानुप्रतापपुर, जिला कांकेर

महिलाएं समाज का एक अहम हिस्सा हैं लेकिन वक्त के साथ महिलाएं समाज और राष्ट्र के निर्माण का एक अहम हिस्सा बन चुकी हैं। घर-परिवार से सीमित रहने वाली महिलाएं जब चारदीवारी से बाहर निकल अन्य क्षेत्रों की ओर बढ़ी तो उन्हें अभूतपूर्व सफलता मिलने लगी। खेल जगत से लेकर मनोरंजन तक, और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा मंत्रालय तक में महिलाएं न केवल शामिल हैं बल्कि बड़ी भूमिकाओं में हैं। महिलाओं की इसी भागीदारी को बढ़ाने और अपने अधिकारों से अनजान महिलाओं को जागरूक करने व उनके जीवन में सुधार करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।

**महिला दिवस का उद्देश्य और महत्व**

भले ही आज दुनिया के तमाम देश और हमारा समाज अधिक जागरूक है लेकिन महिलाओं के अधिकारों और हक की लड़ाई अभी भी जारी है। कई मामलों में महिलाओं को आज भी समान सम्मान और अधिकार नहीं मिले हैं। महिलाओं के इन्हीं अधिकार, सम्मान के लिए समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कैसे मनाया जाता है**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एक खास कार्यक्रम है जिसे लोगों के साथ ही व्यापार, राजनीतिक, समुदायिक, शिक्षण संस्थानों, आविष्कारक, टीवी व्यक्तित्व आदि महिला नेतृत्व के द्वारा 8 मार्च को मनाया जाता है। अन्य महिला अधिकारों को बढ़ावा देने वाली क्रिया-कलाप सहित नाश्ता, रात का भोजन, महिलाओं के मुद्दे, लंच, प्रतियोगी गतिविधि, भाषण, प्रस्तुतिकरण, चर्चा, बैनर, सम्मेलन, महिला परेड तथा सेमिनार जैसे विभिन्न प्रकार कार्यक्रम के आयोजन के द्वारा इसे मनाया जाता है। इसे पूरे विश्व भर में उनके अधिकार, योगदान, शिक्षा की महत्ता, आजीविका आदि के मौके के लिये महिलाओं के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिये मनाया जाता है। इस दिवस के अवसर पर महिला शिक्षिका को उनके विद्यार्थियों द्वारा, अपने बच्चों के द्वारा माता-पिता को, बहनों को भाईयों के द्वारा, पुत्री को अपने पिता के द्वारा, उपहार अर्थात गिफ्ट् दिया जाता है।

“ कभी बहु कभी माँ बनकर
सबके सुख-दुःख सहकर
अपने सब फर्ज निभाती है
तभी तो नारी कहलाती है। ”



किसी भी समाज की तरक्की का मापदंड उस समाज के महिलाओ के विकास से मापा जा सकता है। पृथ्वी सी क्षमता, सूर्य जैसा तेज, समुद्र सी गम्भीरता, चन्द्रमा सी शीतलता,पर्वतों सी मानसिक उच्चता जैसे विशेष गुण हमें एक साथ नारी शक्ति बनाती है। मां,पत्नी,बेटी,बहन ईश्वर का एक वरदान है किसी भी महिला के रूप में संविधान द्वारा अधिकार आपकी सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं और सभी महिलाओं को अपने अधिकार मालूम होने चाहिए। महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने के लिए एक दिन पर्याप्त नहीं। महिला दिवस हमें केवल यह याद दिलाता है कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हम सभी को कहीं न कहीं से शुरुआत करनी होगी और महिलाओं को समान अधिकारों के लिए अपनी सहभागिता हर क्षेत्र में दिखानी होगी।

**श्रीमती विजय लक्ष्मी कौशिक**
पूर्व पार्षद
उदय नगर, कांकेर



शक्ति रूप को मरम न पायो , शक्ति गयी तब मन पछतायो । वर्तमान में नारी शक्ति के सबंध में कहा जाता है कि वह पूर्ण रूप से स्वंतत्र है चाहे वो कार्यस्थल पर हो या घर में किंतु क्या यह वास्तव में सत्य है । क्योंकि एक तरफ तो नारी को शक्ति के रूप में पूजा जाता है। दुसरी और उसके साथ दामिनी जैसे अपराध घटित होते है। एक तरफ एक स्त्री महामहिम के पद पर सुशोभित तो दूसरी और पिता द्वारा अपनी पुत्री के साथ बलात्कार । इसके लिए स्वंय महिलाओ को अपना अधिकार समझना हो और इसकी रक्षा के लिए आगे आना होगा। जब तक नारी स्वंय अपनी शक्ति नहीं पहचानेगी तब तक उसके व्यक्तित्व विकास संभव नहीं । सभ्य समाज महिलाओं के प्रति अपना सोच बदले और स्त्री को अपने बराबर का दर्जा दें।

**श्रीमती झरना ध्रुव**
सदस्य
जिला पंचायत कांकेर



नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है। वह जीवनदायिनी है, प्रेम की मूर्ति और रिश्ते संवारने वाली शक्ति है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, ममता, और त्याग का स्वरूप माना गया है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है-
**यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:'**
यानी जहां पर नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। यह स्पष्ट करता है कि बहुत लंबे समय से नारी के महत्व को रेखांकित किया जाता रहा है।

**श्रीमती पूर्णिमा सिंह गावड़े**
अध्यक्ष
जनपद पंचायत कांकेर



दुनिया भर में प्रति वर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाईयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में यह दिवस उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। हमारे भारत देश में महिलाओं ने अपने कर्म व्यवहार और बलिदान से विश्व में आदर्श प्रस्तुत किया है। भारतीय इतिहास में इन महिलाओं के योगदान को कभी भी भुला नहीं जा सकता है। मैं सभी नारी शक्ति को इस दिन की शुभकामनाएं देती हूं।

**नारी तुम सृष्टि में जीवन का आधार हो,
नारी तुम शक्ति का अवतार हो,
टूटी हुई उम्मीदों की एक मात्र आस हो
परिवार रूपी नाव की तुम ही तो पतवार हो।।**

**श्रीतमी पुष्पांजलि ठाकुर**
जिला परियोजना अधिकारी
जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण जिला उ.ब. कांकेर



नारी जो जन्म देती है, नारी जो राखी बांधती है, नारी जो पत्नि बनती है, नारी जो आंसु पोछती है, नारी के शक्ति के रूप अलग-अलग, मगर नारी जो देश का गौरव, नारी जो देश का अभिमान है। नारी से ही देश की शान है। नारी शक्ति को प्रणाम है।

**मां के साथ ममता मिलती है,
बहन से मिलता है हमेशा दुलार,
नारी शक्ति को पूजनीय समझो,
ये लगाती है जीवन की नैया पार।
नारी के बिना पुरुष अधूरा है, नारी से ही घर पूरा है।**

**श्रीमती हेमलता वैष्णव**
संचालिका प्रतिभा मंच कांकेर एवं
सदस्य किशोर न्याय बोर्ड कांकेर



महिलाओं को आज देश में हर कदम में हर जगह ऊंचे स्थान में पाया जाएगा चाहे वे घर की गृहणी हो चाहे देश की राष्ट्रपति, महिलाओं ने जो कार्य किया, उस कार्य के लिए जो शब्द कहे जाये वो कम है। विश्व महिला दिवस पर सभी महिलाओं को हार्दिक बधाई।

**हजारों फूल चाहिए एक माला बनाने के लिए,
हजारों दीपक चाहिए एक आरती सजाने के लिए,
हजारों बूंद चाहिए समुद्र बनाने के लिए,
पर एक स्त्री अकेली ही काफी है,
घर को स्वर्ग बनाने के लिए।**

**श्रीमती सुलोचना मेश्राम**
सदस्य
जिला पंचायत कांकेर



महिलाओं को अपने आप पर आत्मविश्वास होना चाहिए। महिलाएं जो कार्य करती है, उसे अपनी योग्यता व स्व विवेक से संपादित करना चाहिए। आज के समय में महिलाओं को स्वयं प्रत्येक कार्य करने के लिए सक्षम होना चाहिए। यह युग समानता का युग, जिसमें महिलाओं को स्वयं अपनी जिम्मेदारी को निर्वाह करना चाहिए।

**कुछ लोग कहते हैं कि औरत का कोई घर नहीं होता,
लेकिन सच तो ये है कि
औरत के बिना कोई घर नहीं होता।**

**श्रीमती तारूणी ठाकुर**
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत कांकेर



मौलिक रूप से हमारा समाज एक पुरूष प्रधान समाज रहा है, पहले महिलाओं के पास किसी भी प्रकार की स्वतंत्रता न होने के कारण उनकी सामाजिक और पारिवारिक स्थिति पराश्रित से अधिक और कुछ नही था। जिसे हर कदम पर पुरूषों की सहारे की जरूरत पड़ती थी। परंतु अब महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी हैं।

**श्रीमती रश्मि रजक**
प्राचार्य
पैराडाईज हायर सेकण्डरी स्कूल
मंडारीपारा एवं ईमलीपारा, कांकेर

CBSE Affiliation No. 3330487
Admission Open for 2025-26



अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य है महिला सशक्तिकरण को आगे ले जाना। एक महिला में आत्म सम्मान, आत्मनिर्डरता व आत्म विश्वास का होना ही सशक्तिकरण है अतः इस दिन को मात्र एक दिवस के रूप में मनाकर महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक पक्षों में सुदृढ़ बनाने हेतु विभिन्न सकारात्मक कदम उठाना प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। तथा इन प्रयासों के साथ महिला सुरक्षा सुनिश्चित किया जाना प्राथमिकता होनी चाहिए। ताकि वास्तव में समदृष्टि युक्ता समाज की स्थापना हो सके।

**नारी तुम हो दुर्गा, तुम हो सरस्वती,
दूसरों को जो राह दिखाए, तुममें है वो शक्ति,
हर दिन, हर पल आगे बढ़ती हो,
कठिनाइयों से कभी भी पीछे नहीं हटती हो।**

**श्रीमती जानकी सुरेश नाग**
अध्यक्ष
ज्योति स्व. सहायता समूह ग्राम पं. नारा



आज आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल हर क्षेत्र महिलाओं की उपलब्धियों से भरा हुआ है। यहां तक की अब आर्मी, नेवी और इंडियन एयरफोर्स की हर ब्रांच में महिलाओं की तैनाती हो रही है। ये दिन इन्ही उपलब्धियों का प्रणाम करने का दिन है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है : यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमन्ते तत्र देवताः। यानी कि जहां नारियों का सम्मान होता है वही सभी देवता विराजते हैं।

**सबका ध्यान रखती हो,
सबका दर्द बांटती हो,
ईंटों के मकान को घर बनाती हो,
मैंने तुम जितना मजबूत किसी को नहीं देखा!**

**श्रीमती श्रद्धा सेन**
कार्यक्रम अधिकारी रासेयो
स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पटौद



आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, फिर भी कई चुनौतियाँ उनके सामने खड़ी हैं। समाज में आज भी घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा में असमानता, दहेज प्रथा, बाल विवाह जैसी बुराइयां मौजूद हैं।
वह जीवनदायिनी है, प्रेम की मूर्ति और रिश्ते संवारने वाली शक्ति है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, ममता, और त्याग का स्वरूप माना गया है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है-

**नारी है शक्ति, नारी है ज्योति,
नारी बिना ये दुनिया है खोती।
ममता की मूरत, प्रेम की गंगा,
हर दुख-दर्द में बनती है संगा।**

**श्रीमती गीता रमेश गावड़े**
सदस्य
जनपद पंचायत कांकेर



यह बात सही है कि महिलाएं हर क्षेत्र में परचम लहरा रहीं है। लेकिन यह भी कटु सत्य है कि आज भी कई जगहों पर उन्हें लैंगिक असमानता, भेदभाव झेलना पड़ता है। शिक्षा और स्वास्थ्य से लेकर रोजगार तक पुरूषों और महिलाओं के बीच एक गहरी खाई नजर आती है, महिलाओं के उत्थान और सुरक्षा के लिए हर नारी को जागरूक करना आवश्यक है।

**सबका ध्यान रखती हो,
सबका दर्द बांटती हो,
ईंटों के मकान को घर बनाती हो,
मैंने तुम जितना मजबूत किसी को नहीं देखा!**

**सुमन कौर**

## खबर संक्षेप

### महिला दिवस मेरे लिए गर्व और उम्मीद का दिन



**जगदलपुर।** शिक्षिका अक्षता विष्णु ने कहा भारतीय नारी होने के नाते, महिला दिवस मेरे लिए गर्व और उम्मीद का दिन है, ये दिन हमें याद दिलाता है कि हमने कितनी बाधाओं को पार किया है और अभी भी कितनी ऊँचाइयों को छूना बाकी है। ये दिन हमें याद दिलाता है कि हम कितनी मजबूत हैं और हमें अपने अधिकारों के लिए हमेशा लड़ते रहना चाहिए। यह हमारी शक्ति, साहस और योगदान को सम्मानित करने का दिन है, साथ ही समानता और सुरक्षा के लिए चल रहे संघर्ष को स्वीकार करने का भी। आज, हम अपनी शक्ति, साहस और अटूट जज्बे का जश्न मनाते हैं। आइए, एक साथ मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करें जहाँ हर महिला सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त महसूस करे।

### नेशनल लोक अदालत आज

**दंतेवाड़ा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 8 मार्च को सम्पूर्ण देश में इस वर्ष की पहली नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिस हेतु माननीय विजय कुमार होता, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला न्यायालय दंतेवाड़ा सुकमा, बीजापुर एवं बचेली न्यायालय के लिए कुल 8 खंडपीठ का गठन किया गया हैं।

### 195 वीं वाहिनी केरिपुबल ने सिविक एक्शन कार्यक्रम का किया आयोजन

# ग्रामीणों को मिला कंबल, बर्तन कृषि उपकरण व अन्य सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



दशकों से बस्तर के अबुझमाड़ के दूरदराज जंगलों में बसे गांव नक्सल गतिविधियों एवं नक्सली विचारधारा के केन्द्र बिन्दू रहे है। नक्सलियों ने बंदूक की नोक पर भोले भाले युवाओं एवं ग्रामीणों को खोखली हिंसात्मक नक्सली विचारधारा को अपनाने के लिए विवश किया। लोगों को पुलिस एवं सुरक्षा बलों के विरूद्ध खड़ा कर एक दिशाहीन खुनी संघर्ष को अंजाम दिया।

आपसी वैचारिक संघर्षो में कई निर्दोष ग्रामीणों एवं सुरक्षा बलों को निशाना बनाया गया। लेकिन हाल के कुछ महीनों में केरिपुबल के 195 वीं वाहिनी ने माड़ एवं दंतेवाडा के

- **अधिकारी व जवानों ने ग्रामीणों के साथ बैठकर किया भोजन**

दूरदराज के ग्रामीणों के साथ बेहतर और सहयोगात्मक संबंध बनाकर बल के प्रति अटूट विश्वास कायम किया है जिससे नक्सलियों में घोर बेचैनी और निराशा है ग्रामीणों के साथ बेहतर सहयोग और उन्हे विकास की मुख्य धारा में लाने हेतु 195 वीं बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के ई. 195 बटा. द्वारा गीदम ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम छिंदनार में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत 195 वीं वाहिनी केरिपुबल द्वारा ग्रामीणों से आपसी तालमेल बनाने के साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों में सुरक्षा बल के जवानों के प्रति विश्वास जीतने के लिए ग्रामीणों को आवश्यक सामग्रियों उनके दैनिक उपयोगी सामानों तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मनोरंजन के अनेक सामाग्री का ग्रामीणों में वितरण किया गया। जिसमें छिंदनार, तुमड़ीगुंडा, कौरगाँ, कोरलापाल, गुटोली, गुमलनार, छोटेकरका, पउरनार, चेरपाल, सालनार, तरलापाल, मुस्तलनार और तुमनार के काफी संख्या में पुरूषों महिलाएं एवं बच्चे सम्मिलित हुए। ग्रामीणों को कंबल, बर्तन, कृषि सामाग्री, साइकिल, बच्चों को अध्ययन व खेल कूद आदि सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को देश और क्षेत्र के विकास योजनाओं की ताजा हालात से रूबरू कराने एवं भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहें लाभान्वित योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समाज के मुख्य धारा से भटके युवाओं को मुख्य धारा में लाने एवं हिंसा छोड़ शान्ति और विकास के रास्ते पर चलने के लिए ग्रामीणों को अवगत कराया गया।

इस अवसर पर राजीव कुमार कमाण्डेंट 195 वीं वाहिनी ने ग्रामीणों के साथ अनुभव एवं विचारों को साझा करते हुए संबोधित किया। 195 वीं वाहिनी द्वारा इस कोर इलाके में विभिन्न अभियानों का सफलता पूर्वक परिचालन किया गया है। भारत सरकार के दिशा निर्देशन में राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए विश्वास एवं विकास का वातावरण तैयार किया जा रहा है। विधानसभाए लोकसभा एवं हाल में संपन्न पंचायत चुनावों में ग्रामीणों की अपूर्व भागीदारी एक सुरक्षित वातावरण का परिचायक तो है ही साथ ही ग्रामीणों की मुख्यधारा में जुड़ाव की व्याकुलता एवं समृद्वि की आकांक्षा का भी घोतक है। आज 195 बटालियन द्वारा तैयार किए गए सुरक्षित वातावरण में छिंदनार से पउरनार, तुमड़ीगुंडा, हांदावाड़ा की तरफ जानेवाले ग्रामीणों के लिए लगभग 01.01 किमी लंबे दो पूल पूर्ण रूप से बनकर तैयार हुए है। सीआरपीएफ के सतत प्रयासों से छिंदनार, हांदावाड़ा पक्की सडक कार्य प्रगति पर है। गाँवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का सफलतापूर्वक परिचालन, स्कूल, आश्रमों में छात्रों की बढ़ती प्रतिशतता एवं नए बाजारों को खुलना अबुझमाड़ की एक अलग कहानी कह रही है। इस अवसर पर 195 बटालियन के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा ग्रामीणों के साथ बैठकर भोजन किया गया एवं उनके इस बदलते परिदृश्य पर चर्चा भी की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजीव कुमार, सुभाष चंद प्रसाद, विक्रांत वर्मा, वागेश त्रिपाठी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संजीव कुमार यादव एवं हिमांशु के साथ बटालियन के कई जवान उपस्थित थे। 195 वीं वाहिनी अपने जिम्मेदारी के क्षेत्र में सहयोग एवं समृद्वि हेतु सतत प्रयत्नशील है।

## बारसूर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुए कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना बारसूर में महिलाओं को जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला सुरक्षा, भ्रुण हत्या, स्वच्छता, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, महतारी वंदन योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, घरेलू हिंसा, लिंग आधारित हिंसा योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई, इसके अलावा उन्हें कानूनी अधिकारों के बारे में भी बताया गया। इस कार्यक्रम में जिसमें सुपरवाइजर सुश्री ऋषिका नेताम, वित्तीय साक्षरता समन्वय विशेषज्ञ शिवम कुमार नागरची, सखी वन स्टॉप से केस वर्कर रेखा राजपूत, प्रधान पाठक एवं शिक्षकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्कूली बच्चे, उपस्थित हुए।

## परीक्षा केंद्रों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर ब्लॉक के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का अधिकारियों ने क्या निरीक्षण। शुक्रवार को 10वी बोर्ड में तहसीलदार बस्तर की टीम द्वारा परीक्षा केंद्र सोनारपाल, भानपुरी, आमाबाल व मुंडग़ांव में छापामार कार्यवाही की गई। जॉली जेम्स तहसीलदार के निर्देशन में सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील तिवारी व व्याख्याता चंद्रभान मिश्रा सहित संकुल समन्वयक अश्विनी पांडेय टीम में शामिल थे। नकल प्रकरण निरंक पाया गया।

## राष्ट्रीय अविष्कार अभियान प्रशिक्षण में शामिल हुए बस्तर जिला से दो शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के द्वारा भिलाई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में गत 27 फरवरी से 1 मार्च तक तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- **बच्चों की पढाई में प्रौद्योगिकी के महत्व को बढ़ावा देना**

जिसमें राज्य के प्रत्येक जिले से प्रशिक्षकों ने भाग लिया। माशा सेड़वा विकासखंड दरभा से राजकुमार वैभव एवं प्राशा साहुकारपारा विकासखंड बकावण्ड से जोगेन्द्र कुमार गंगबेर जिले से प्रतिनिधित्व करते हुए शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों के सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में टेक्नोलॉजी के महत्व को बढ़ावा देना है। प्राथमिक स्तर एवं माध्यमिक स्तर से ही बच्चों में िवज्ञान तथा गणित के प्रति रूचि उत्पन्न करना और उन्हें हमारे आसपास या हमारे दैनिक जीवन में िवज्ञान में कैसे शामिल है, उसको बताना है। आईआईटी के डायरेक्टर डा. राजीव प्रकाश एवं कोऑडिनेटर डा. महबूब आलम एवं राज्य परियोजना कार्यालय के प्रतिनिध के रूप में राजकुमार चापेकर उपस्थित रहे। अंत में विभाग वार भ्रमण कराकर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रशिक्षण का समापन किया गया।

## योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचान में मैदानी अमलों का योगदान महत्वपूर्ण : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




बस्तर सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वयक निगरानी समिति दिशा की बैठक जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में सम्पन्न हुई बैठक में कलेक्टर संबित मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत ने जिले में संचालित विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यो से अवगत कराया। वहीं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, प्रधानमंत्री आवास शहरी एवं ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं शहरी, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, जल-जीवन मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा, राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधूनिकी कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, मध्यान्ह भोजन, प्रधानमंत्री कौशल विकास, जल संसाधन एवं वन विभाग सहित विभिन्न एजेंडा को संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण कर योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उपलब्धि से अवगत कराया। बीजापुर जिले के माओवादी क्षेत्रों में संचालित नियद नेल्लानार योजना के तहत विभिन्न नागरिक सुविधाओं एवं बुनियादि सुविधाओं के विस्तार में हो रही प्रगति के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

## पदोन्नति में देरी से नक्सलगढ़ के शिक्षक नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

बीजापुर जिले में पदस्थ सहायक शिक्षक एल बी संवर्ग की पदोन्नति में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। शिक्षा विभाग की मनमानी से वर्षो से प्रतीक्षा कर रहे सहायक शिक्षक ना केवल पदोन्नति से वंचित है, बल्कि उन्हें आर्थिक क्षति भी हो रहा है।

संयुक्त संचालक बस्तर के

- **शिक्षकों को आर्थिक रूप से हो रहा नुकसान**

आदेश पर कांकेर, बस्तर और सुकमा जिले में पदस्थ सहायक शिक्षक एल बी संवर्ग की प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर जनवरी 2025 में पदोन्नति की गई। लेकिन बीजापुर जिला में संयुक्त संचालक बस्तर के आदेश के बावजूद प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति नहीं की जा रही है। जबकि नवम्बर- दिसम्बर में ही बीजापुर जिले के चारों ब्लॉक के खंड शिक्षा कार्यालय में पदोन्नति हेतु पात्र सहायक शिक्षकों से निर्धारित प्रारूप में गोपनीय चित्रावली और चल- अचल संपत्ति का प्रतिवेदन प्राप्त कर लिया गया है। संपूर्ण औपचारिकता पूरी करने के बाद भी पदोन्नति को लंबित रखने से सहायक शिक्षकों में निराशा है। बस्तर, कांकेर सुकमा आदि जिले में 2010 बैच वाले भी प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक बन गए, वही बीजापुर जिले में 2008 की नियुक्ति वाले सहायक शिक्षक एल बी आज 17 साल बाद भी पदोन्नति से वंचित है। बस्तर, कांकेर और अन्य जिले में 2010 में नियुक्ति वाले सहायक शिक्षकों का पदोन्नति उपरांत आज की स्थिति में कुल वेतन 60 हजार है। वही बीजापुर जिले में 2008 वाले सहायक शिक्षक एल बी सीनियर होने के बावजूद पदोन्नति नहीं मिलने से 10 हजार प्रति माह कम सैलरी पाते हैं। नक्सल प्रभावित दुर्गम इलाके में पदस्थ बीजापुर जिले के सहायक शिक्षकों का ना समय पर प्रमोशन हो रहा है ना ही उन्हें एरियस आदि का लाभ दिया जाता है।

18 जनवरी 2023 को तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने आदेश क्रमांक 3069 के तहत संविलियन से पूर्व पंचायत संवर्ग के शिक्षकों का लंबित एरियर्स भुगतान का आदेश दिया था। इस हेतु जिले के चारों बीईओ और 17 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के आहरण संवितरण अधिकारियों को लगभग एक करोड़ का पुनराबंटन किया था। उक्त रकम संबधितों के खाते में आज दो साल बाद भी जमा नहीं किया गया। बीजापुर जिले के सहायक शिक्षक एल बी 18- 20 साल से एक ही पद पर काम कर रहे हैं। इसलिए संबंधित कर्मचारियों में निराशा के साथ ही नाराजगी भी देखी जा रही है।

## ग्रामीणों को मिले दैनिक उपयोग के सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



241 बस्तरिया बटालियन केरिपु के एफ 241 बटालियन द्वारा 5 मार्च को ग्राम मावलीपदर, फुलपदर एंव कामानार थाना दरभा में सिविक एक्सन प्रोग्राम का आयोजन किया। जिसके अन्तर्गत बटालियन द्वारा गांव के वद्वजनों, युवाओं, बच्चों एंव महिलाओं को दृष्टिगत रखते हुए निम्नानुसार आवश्यक एंव दैनिक उपयोग में आने वाली सामग्रियों का वितरण किया गया। जैसे कि साइकिल, टीवी, कम्बल, क्रिकेट, वॉलीबाल नेट, फुटबाल, फुटबाल नेट, बंर्तन, फावड़ा, कड़ाई, बच्चों के लिए स्कूल ड्रेस, स्कूल बैग, पेंसिल बॉक्स, कॉपी-किताब, साड़ी, गमछा, लुंगी, छप्पल, थाली, गिलास, सोलर लैम्प एंव लालटेन आदि का वितरण किया गया। जिसमें कामानार के अलावा छोटे मावलीपदर, फुलपदर, जोदरगुड़ा, पेडेगुड़ो एंव कुकड़ीपारा के स्थानीय ग्रामीणों ने सिविक एक्सन प्रोग्राम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सविता सिंह सहा. कमा. एफ 241 बटालियन के साथ जीडी दिनेश कुमार एंव जीडी तारकेश्वर नाथ पाण्डेय, रश्मित रावत, गुड्डू नाग संरपच छोटे मावलीपदर एंव सचिव दोहल्या भानडरी के अतिरिक्त ग्राम प्रधान एंव एफ 241 बटालियन के जवान मौजूद रहे।

## कक्षा 5 के विद्यार्थियों को भावपूर्ण विदाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर ब्लॉक के प्राथमिक शाला पटेलपारा भरनी में कक्षा 5 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें बच्चों ने गीत, नृत्य और भाषणों के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर प्रधान पाठक अनुराधा उइके, शिक्षिका लोमनी देवांगन, विद्यालय समूह के सदस्य, रसोइया और सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। शिक्षकों ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भेंट किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरा माहौल भावनात्मक और उल्लासपूर्ण रहा।

### बकावंड में हुई एनीमिया मुक्त कार्यशाला

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावंड में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश मरकाम विकास खंड कार्यक्रम प्रबंधक संतोष कुमार सिंह, बीईटीओ श्रीमती पद्मनी लाल सभी सेक्टर से सेक्टर सुपरवाइजर विशेष रूप शामिल रहे। साथ ही प्रशिक्षु में सभी आम से समस्त सीएचओ, आरएचओ महिला, पुरुष कार्यशाला में भाग लिए। जिसमें गर्भवती, शिशुवती महिलाएं किशोर बालक बालिकाओं में खून की कमी के कारण एवं निदान पर प्रशिक्षण संभागीय समन्वयक चरणजीत सिंह द्वारा दिया गया।

## पेज 11 के शेष...

### टाई होने पर...

किस्मत बुलंद थी, तभी यह परिणाम सामने आया। जानकारी के अनुसार नगरपालिका के 21 पार्षदो में भाजपा के 11 और कांग्रेस के 10 पार्षद थे। नए नियम के तहत अध्यक्ष भी इस बार वोट देने के लिए अधिकृत किए गए थे। पहले यह नियम था कि टाई की स्थिति में नगरपालिका अध्यक्ष जिसके लिए वोट करता था, वो जीत जाता था। इस बार सरकार ने नियम बदल दिया और नगरपालिका अध्यक्ष भी एक साथ मत डालेगा, इसलिए इस बार 22 मत डाले जाना था। भाजपा से उत्तम यादव ने और कांग्रेस से आनंद चौरसिया ने नामांकन दाखिल किया था। उत्तम यादव के पास 12 वोट होने के उपरांत उनको 10 वोट मिले, भाजपा के 2 वोट निरस्त हो गए, वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी को भी 10 वोट मिले। भाजपा के 2 वोट निरस्त इसलिए हुए कि उनके द्वारा दोनो प्रत्याशियों को मत दे दिया था। यह खबर आते ही नगरपालिका अध्यक्ष के कमरे में बैठे भाजपा के रणनीतिकारों में हडकंप मच गया। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अरूण कुमार वर्मा ने उपस्थित अध्यक्ष एवं पार्षदों को बताया कि अब लाटरी निकालना पड़ेगा और दोनो प्रत्याशियों के नाम की चिट बनाकर तैयार किया गया और लाटारी निकाली गई। भाजपा के उत्तम यादव के नाम पर लाटरी निकली और रिटर्निंग अधिकारी ने उत्तम यादव को विजयी घोषित किया।

### सड़क हादसे में...

की ओर से आ रही थार वाहन क्रमांक सीजी 04 एनजेड 0159 के चालक के द्वारा अपने वाहन को तेजी गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए किशोर कुमार यादव की मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे कोण्डागांव जिला के तुमुसकुनाड़ी निवासी 22 वर्षीय किशोर कुमार यादव पिता दिनेश यादव के छाती, जांघ व शरीर के अन्य हिस्सो में गंभीर चोट आने पर जिला अस्पताल कांकेर में भर्ती करवाया गया। ईलाज के दौरान 22 जनवरी को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया था। विवेचना में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस आरोपी थार वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

## चिड़िया मारने पर विवाद, भाभी की हत्या, देवर को उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

ताड़ोकी थाना क्षेत्र के सरंडी में मामूली विवाद पर भाभी की हत्या करने वाले देवर को कोर्ट ने आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। 6 वर्ष पूर्व के घटना में बुधवार 7 मार्च को सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायधीश दीपक के गुप्ता ने यह फैसला सुनाया। सरंडी गांव में आरोपी सहदू राम ध्रुव द्वारा अपनी भाभी टेको बाई ध्रुव से कोकेड़ा पक्षी को मारने को लेकर विवाद हुआ था।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी सहदेव ध्रुव के घर में एक कोकड़ा (बगुला) पक्षी पाला गया था, जिसे प्रार्थी के भाई आरोपी सहदूराम का बेटा के द्वारा मार दिया गया, जिसकी शिकायत प्रार्थी के द्वारा आरोपी सहदू राम से करने पर आरोपी बहुत गुस्से में आ गया और अपने भाई को गंदी-गंदी गाली देते हुए पास में रखे कुल्हाड़ी को लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए दौड़ाने लगा। उक्त घटना से प्रार्थी सहदेव राम बहुत डर गया और दौड़ते हुए अपनी लाड़ी तरफ भागकर अपनी जान बचाया। प्रार्थी द्वारा गांव के प्रमुख लोगों का घटना स्थल के पास बैठक बुलाया गया, जिसमें आरोपी सहदूराम को भी बुलाया गया। बैठक के दौरान प्रार्थी की पत्नी टेटो बाई ध्रुव ने कहा कि आरोपी सहदूराम इसी प्रकार हमेशा लड़ाई-झगड़ा करता है, उसे समझा दीजिए, इस बात को सुनकर आरोपी बहुत गुस्से में आ गया और ऐसा कहां करता हूं, कहते हुए गाली देते हुए जाने से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे टंगिया (कुल्हाड़ी) के पीछे भाग से मृतिका टेटो बाई के सिर में कान के पास मार दिया था, जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी। आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया था।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## सरपंच ने बच्चों को कॉपी व पेन का किया वितरित



**भानुप्रतापपुर।** प्राथमिक शाला तेतापारा भोड़िया के पांचवी के बच्चों को विदाई दिया गया, जिसमें पांचवी के सभी बच्चों को नवनिर्वाचित सरपंच मधु तेता के द्वारा कॉपी व पेन दिया गया। इसके उपरांत जसराज रानूलाल बोथरा के द्वारा शाला को दीवार घड़ी दिया गया। समारोह के अवसर पर कुमुद जैन के द्वारा सभी बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर सरपंच एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बृजलाल हिड़को, वार्ड पंच गांव के सियान एवं समस्त स्टाफ के उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## शराब पीने की सुविधा देने पर युवक पकड़ाया

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत रानवाही निवासी 36 वर्षीय



राजकुमार कोला को पुलिस ने अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा देता हुए पकड़ा। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी दुकान के सामने अवैध रूप से शराब पीने के लिए अन्य लोगो को संसाधनन उपलब्ध कराकर शराब पीला रहा था। छापामार कार्यवाही के दौरान शराब पीने वाले भाग निकले। मौके पर आरोपी राजकुमार को पकड़ा गया, जिसके कब्जे से देशी शराब और 2 नग डिस्पोजल को जप्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## शिकसा महोत्सव 2025 कल मनाया जाएगा

**कांकेर।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ का वार्षिक सम्मेलन शिकसा महोत्सव 2025 का आयोजन 9 मार्च रविवार को भारती विश्वविद्यालय पोटिया रोड पुलगांव दुर्ग में सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्यि और विधायक गजेंद्र यादव की अध्यक्षता में होगा। आयोजित कार्यक्रम में कांकेर जिले के सदस्य भी शामिल होंगे। संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन के संयोजन में किया गया है।

## जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन 12 को होगा

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जिले के 05 जनपद पंचायतों में 10 मार्च को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के निर्वाचन की तिथि नियत होने के कारण जिला पंचायत की प्रथम सम्मिलन (विशेष) आयोजन की तिथि में संशोधन करते हुए समय-सारणी जारी किया गया है। कलेक्टर कार्यालय (पंचायत) द्वारा संशोधित समय-सारणी अनुसार जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को प्रथम सम्मिलन की सूचना जारी की गई है। जिला पंचायत प्रथम सम्मिलन (विशेष) आयोजन करने की तिथि 12 मार्च निर्धारित किया गया है।

## डांगरा का एक दिनी वार्षिक मेला आज

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडारडिग्गी के आश्रित ग्राम डांगरा का एक दिवसीय वार्षिक मेला 8 मार्च को ग्राम वासियों के द्वारा सर्व सम्मति से रखा गया है, जिसमें आसपास के ग्रामीण, महिला-पुरुष, व्यापारी शामिल होंगे। ग्रामीण बृजलाल मरकाम, रामसाय गावड़े, राजेंद्र नरेटी, जगदेव कोरेटी, परमानंद नेताम ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम डांगरा में वार्षिक मेला मड़ाई का आयोजन किया गया है। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## गुड़फेल का दो दिनी वार्षिक मेला कल से

**दुर्गूकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत दमकसा के आश्रित ग्राम गुड़फेल का दो दिवसीय वार्षिक मेला 9 व 10 मार्च को रखा गया है। मेले में गोटुलमुंडा, हिलचुर, सिलपट, कुमुडकट्टा, नागहूर, रसोली अन्य गांव से लोग सम्मिलित होंगे। रात्रि में लोक कलामंच कारी नैना की प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी जानकारी सरपंच सुनीता शंकर बोगा व ग्राम गायता उदय पुरामें ने दिया।

# महिला सुरक्षा और साइबर अपराध पर छात्रों ने दिया जागरूकता संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

स्वामी आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, यातायात नियमों और संदिग्ध व्यक्तियों से सतर्क रहने के उपायों की जानकारी चारामा पुलिस के द्वारा दिया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को समझाया कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत पुलिस को जानकारी दें। उन्हें बताया गया कि साइबर अपराध से कैसे बचा जा सकता है और यातायात नियमों का पालन क्यों जरूरी है।

अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के बढ़ते खतरे को लेकर आगाह किया और समझाया कि अजनबियों से सोशल मीडिया पर बातचीत करते समय सतर्क रहें। उन्होंने यह भी बताया कि सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इसके अलावा क्षेत्र में यातायात जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। पुलिस आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक नियमों और जिम्मेदार नागरिक होने के कर्तव्यों के बारे में जागरूक कर रही है। वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने की अनिवार्यता के साथ-साथ यातायात संकेतों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने नागरिकों से अनुरोध किया कि वे अपराधों को रोकने के लिए पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सतर्कता से ही अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। यदि आमजन सतर्क रहेंगे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस को देंगे, तो क्षेत्र को सुरक्षित बनाया जा सकता है। पुलिस का यह अभियान न केवल सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि नागरिकों और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय भी स्थापित करेगा।

### यातायात नियमों के पालन करने की भी दी समझाइश



### संदिग्ध लोगों पर नजर रखने की अपील

थाना प्रभारी जितेंद्र साहू ने आमजनता से अपील किया है कि वे अपने क्षेत्र में बाहरी व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखें और यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को जानकारी दें। इसके अलावा किराएदारों की जानकारी थाना में दर्ज कराने के लिए भी नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि बाहरी लोगों का सत्यापन कराना जरूरी है, ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि को रोका जा सके।

### दिवस : सस्ते दाम में मिलने वाली जैनेरिक दवाओं की दी जानकारी

# जन औषधि दिवस मनाया, सांसद व डाक्टरों ने जैनेरिक दवाइयों के उपयोग की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



एमसीएच अस्पताल अलबेलापारा में सातवीं जन औषधि दिवस 7 मार्च को मनाते हुए जन औषधि का लाभ उठाने वाले हितग्राहियों से सांसद व चिकित्सकों ने संवाद किया और उनके अनुभवों को सुना। अतिथियों ने कहा कि इस योजना से आम आदमी के जीवन में बहुत अंतर आया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम आदमी के लिए इस योजना को प्रारंभ किया है।

आयोजित कार्यक्रम में सांसद भोजराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोक कल्याणकारी योजनाओं में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य आम जनता को सस्ती कीमतों में गुणवत्तापूर्ण दवाईयों उपलब्ध कराना है, ताकि सभी के लिए स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सकें। योग-व्यायाम धर्म-संस्कृति स्वस्थ्य जीवन शैली का स्वास्थ्य पर साकारात्मक प्रभाव पडता है एवं जन औषधि केन्द्र से दवा प्राप्त करने वाले हितग्राहियों से सांसद द्वारा संवाद किया गया। सीएमएचओ डॉ. महेश सांडिया ने कहा कि इस योजना में सरकार द्वारा उच्च गुणवत्ता वाली जैनरिक दवाईयों के दाम बाजार मूल्य से कम है। सरकार द्वारा जन औषधि स्टोर बनाए गए हैं, जहां जेनरिक दवाईयां उपलब्ध करवाई जा रही है। जेनरिक दवाईयां ब्रांडेड या फार्मा की दवाईयों के मुकाबले सस्ती होती है, जबकि प्रभावशाली उनके बराबर ही होती है। प्रधानमंत्री जन औषधि अभियान मूलतः जनता को जागरूक करने के लिए शुरू किया गया हैं, ताकि जनता समझ सके कि ब्रांडेड मेडिसिन की तुलना में जेनेरिक मेडिसिन कम मूल्य पर उपलब्ध हैं, साथ ही इसकी क्वालिटी में किसी तरह की कमी नहीं हैं। इसके अलावा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.यास्मिन खान, संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधिक्षक डॉ. विमल भगत, रविन्द जैन द्वारा भी संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र में दवाइयॉ ब्रांडेट दवाइयों की तुलना में काफी सस्ती मिलती है तथा जेनेरिक दवाइयों की गुणवत्ता और प्रभावकारिता ब्रांडेट दवाईयों के समान होती है। आयोजित कार्यक्रम में मत्स्य कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा, अरविंद जैन के अलावा सीएमएचओ के स्टाप, एमसीएच अस्पताल के चिकित्सक व नागरिक उपस्थित रहे।

# मुर्गा लड़ाई पर चाकू से हमला किया, घायल का उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कोरर थानांतर्गत ग्राम खसगांव के वार्षिक मेला में मुर्गा लड़ाई की बात को लेकर आरोपी ने चाकू से जोरदार हमला कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया। घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

कोरर थाना में शिकायत करने पहुंचे बेलोण्डी निवासी पवन कुमार जैन पिता रामनाथ जैन ने पुलिस को बताया कि 28 फरवरी को शाम लगभग साढ़े 2 बजें अपने पिता रामनाथ जैन एवं मेरा छोटा भाई सुरेन्द्र जैन के साथ ग्राम खसगांव थाना कोरर का वार्षिक मेला गए थे। हम लोग आसपास के मुर्गा बाजार में जाकर मुर्गा में काती बांधने का काम करते है। जहां पर मुर्गा लड़ाई हो रहा था वहां पर दो मुर्गा में काती बांधकर लड़ाई करवा रहे थे, खसगांव में जहां पर मुर्गा लड़ाई हो रहा था, उसमें मै मुर्गा जीत गया था। उसी समय आरोपी सुनील यादव और रजेसिंग कहने लगे कि तुम मुर्गा नही जीते हो, दोनो बराबर है। दोनो मुर्गा को फिर से लड़ाई करवाओ कहते हुए पास में खड़े मेरे पिता रामनाथ जैन के साथ लड़ाई झगड़ा करने लगा। गाली देते हुए मुर्गा के पैर मे बंधे काती-धारदार चाकू से सुनील यादव ने मेरे पिता के पेट मे हमला कर दिया। चाकू के हमले से खून निकलने लगा और मेरे पिता वही पर गिर गए। हम लोग पिता को ईलाज के लिए तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आमाबेड़ा लेकर गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक ईलाज के उपरांत जिला अस्पताल रिफर कर दिया। हम लोग पिता को ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 118 (1), 296, 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया**

# डाक विभाग की महिला कर्मचारियों एवं अभिकर्ताओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





प्रधान डाकघर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय डाक विभाग द्वारा 3 से 7 मार्च तक नारी शक्ति सप्ताह चलाया गया था और विभाग में कार्यरत महिला कर्मचारियों एवं महिला डाकघर अभिकर्ताओ को उनके अमूल्य योगदान के लिए 7 मार्च को प्रधान डाकघर कांकेर में सम्मान समारोह के दौरान सम्मानित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम डाकघर बस्तर संभाग के अधीक्षक आरपी वर्मा के मुख्य आतिथ्यि में हुआ। उन्होने कहा कि नारी सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि डाक विभाग में महिलाओं के लिए विभिन्न बचत योजनाएं हैं, जिसमें निवेश कर महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम हो सकती हैं। छोटी बच्चियों के लिए सुकन्या समृद्धि योजना है, जिससे बालिकाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा सकता है। महिला डाककर्मियों एवं डाकघर अभिकर्ता को अधिक से अधिक महिला सम्मान बचत पत्र एवं सुकन्या समृद्धि के खाते खोलने पर जोर दिया और बताया कि महिला सम्मान बचत पत्र खाता खोले जाने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक निर्धारित है। इस अवसर पर विभाग में कार्यरत महिला डाक अभिकर्ता लक्ष्मी तिवारी, शकुंतला जोशी, नंदिनी तारक एवं महिला डाक कर्मचारी चित्ररेखा सिन्हा, अलीना कुलदीप, शालिनी सेन, बिमला मानिकपुरी, माडवी कमला, कीर्ति साहू, भारती यादव, अंजली यादव, मुस्कान, देवकी पटेल, नीमा पटेल को सम्मानित कर पुरस्कृत किया।

आयोजित कार्यक्रम में प्रधान डाकपाल चित्ररेखा सिन्हा, उपसंभागीय निरीक्षक केके तुरकर, तरुण सारथी, पंकज साहू, राजेश पैकरा, अश्विनी बघेल, प्रीतम सिंह मंडावी, अनिल आजाद, मनोज कुमार साहू एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुई महिलाओं के लिए खेलकूद स्पर्धा



**दुर्गूकोंदल।** जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में विकासखंड एवं जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 7 मार्च को किया गया। उन्मुक्त खेल मैदान दुर्गूकोंदल स्टेडियम में विकासखण्ड महिला खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 9 से 18 वर्ष और 18 से 35 वर्ष तक कि महिलाएं 10 खेल विधाओं एथलेटिक्स खो-खो हॉकी बैडमिंटन वॉलीबॉल कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वेट लिफ्टिंग, रस्सा कस्सी का आयोजन हुआ। नोडल अधिकारी विकासखंड दुर्गूकोंदल बैजनाथ नरेटी के अध्यक्षता में समस्त विकासखण्ड व्यायाम शिक्षको द्वारा कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महिला अधिकारी सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मण्डावी के कर कमलो से हुआ। मुख्य अतिथि अंजनी मंडावी व विशेष अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि ने कहा कि सभी खिलाड़ियों को खेल एवं अन्य विभाग हर क्षेत्र में अग्रसर होना है। महिला कर्मचारियो का तारिफ किया। परीक्षा के दौर होते हुए भी महिला खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर खेल में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के 90 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

# पालिका कांकेर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को एसडीएम ने शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर







नगरपालिका परिषद कांकेर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सभी 21 वार्ड के पार्षदों को नए बस स्टैण्ड के शेड प्रांगण में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को एसडीएम एवं प्रशासक अरुण कुमार वर्मा के द्वारा पद की शपथ दिलाई।

स्थानीय बस स्टैंड परिसर में स्थित बाजार शेड में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सबसे पहले नगरपालिका कांकेर के अध्यक्ष अरुण कौशिक को प्रशासक ने पद की गरिमा और भारत के संविधान की गरिमा अक्षुण्ण रखने की शपथ दिलाई। तत्पश्चात सभी 21 वार्डो के पार्षदों को पद की शपथ दिलाई। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री अरूण साव एवं अन्य मंत्री अतिथि के रूप में आने वाले थे, परंतु विधानसभा सत्र के चलते नहीं आ पाएं। उनकी अनुपस्थिति में सांसद भोजराज नाग ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई और उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार कांकेर नगर का चहुमुखी विकास हो तथा इसके लिए सभी को एक साथ मिलकर अपना योगदान देने का आव्हान किया। इसके अलावा जिला पंचायत कांकेर की नवनिर्वाचित अध्यक्ष किरण नरेटी और उपाध्यक्ष तारा ठाकुर आदि मंच पर उपस्थित रहे।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरूण कौशिक ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर के समुचित विकास के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे और सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को एक साथ मिलजुलकर काम करते हुए सहयोग करने की बात कही।

इस अवसर पर पूर्व सांसद मोहन मंडावी, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत, मत्स्य कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा व भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सांसद भोजराज नाग एवं विधायक आशाराम नेताम की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम

# जनपद कांकेर की टीम ने मिलकर काम करने की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर







- सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाएं और गांव के अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचाएं

जनपद पंचायत कांकेर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव हो जाने के उपरांत 7 मार्च को प्रथम सम्मिलन हुआ, जिसमें सभी ने शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर उपस्थित सांसद भोजराज नाग एवं विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि जनपद पंचायत कांकेर की टीम उर्जावान है ओर सभी मिलकर क्षेत्र के विकास का काम करेंगे।

जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत कांकेर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव 4 मार्च को हुआ था। पूर्णिमा ईश्वर कावड़े अध्यक्ष और तारूणी ठाकुर उपाध्यक्ष बनी थी। भाजपा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बनने पर जीत का जश्न मनाया गया था। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के अलावा 14 सदस्यों उमेश साहू, सरस्वती केमरो, पंचूराम नायक, मिथलेश कुमार मंडावी, गंगा बाई शोरी, रोमनाथ जैन, अहिल्या गौतम, लखन मंडावी, अशोक कचलाम, नितेश कुमार सलाम, हेमलता कवाची, गीता गावड़े, राजेश्वरी नेताम को जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्विनी यादव ने शपथ दिलाया। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने बारी बारी से उसके उपरांत सभी सदस्यों ने एक साथ शपथ लिया। शपथ लेने के उपरांत जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने कहा कि जनपद क्षेत्र के सभी गाँव का विकास मिलकर करेंगे। सरकार की जो भी योजनाएं है, वो जमीनी स्तर पर पहुँचे और गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ मिले, यह हमारा एवं हमारी टीम का प्रयास होगा।

आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित सांसद भोजराज नाग एवं विधायक आशाराम नेताम ने जनपद की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि हम लोग भी जनपद सदस्य रह चुके है, उन्होने अपने अनुभवों को साझा किया और बताया कि जनपद पंचायत पंचायत पंचायत में किस कड़ी में है और जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों की भूमिका किस तरह की होती है। जनपद की पूरी टीम मिलकर गांव के विकास के लिए काम करें और सरकार की योजनाओं की सही ढंग से फलीभूत करवाने के लिए प्रयासरत रहें, यहीं हमारी आप लोगों से आपेक्षा है। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी भरत मटियारा, राजा देवनानी, ईश्वर कावड़े, रूपेश्वर बाबा ठाकुर, मनीष जैन, जनपद सदस्यों के सहयोगी, जनपद पंचायत के समस्त स्टाप व पंचायत के सचिव उपस्थित रहे।

## शशिकांत बने ज्येष्ठ नागरिक कल्याण संघ के अध्यक्ष

**जगदलपुर।** ज्येष्ठ नागरिक कल्याण संघ बस्तर जिला के पदाधिकारियों का चुनाव 5 मार्च को संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी प्रवीण कुमार पंड्या ने चुनाव संपन्न कराया। जिसमे सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। अध्यक्ष पद के लिए शशिकांत सिंह गौतम, उपाध्यक्ष पद के लिए निर्मल कुमार सोनी, सचिव पद के लिए भारत लाल गुप्ता, संयुक्त सचिव पद के लिए राजेंद्र पांडेय और कोषाध्यक्ष पद के लिए जगत सिंह ठाकुर चुने गए। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सरिता तिवारी तथा संजय कुमार दूबे चुने गए। गौतम ने बताया है कि संगठन का मुख्य उद्देश्य सदस्यता अभियान चलाकर सदस्य संख्या बढ़ाने और ज्येष्ठ नागरिकों का हित संवर्धन कैसे हो इस दिशा में काम करना होगा ताकि अधिकाधिक लोगों की समस्याओं का समाधान संगठन के माध्यम से हो सके।


जनपद पंचायत कांकेर के अध्यक्ष
श्रीमती पूर्णिमा ईश्वर कावड़े
एवं उपाध्यक्ष
श्रीमती तारूणी रूपेश्वर (बाबा) ठाकुर
एवं समस्त जनपद सदस्यों को शपथ लेने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मान.श्रीमती पूर्णिमा ईश्वर कावड़े
नव निर्वाचित अध्यक्ष
जनपद पंचायत कांकेर
मान.श्रीमती तारूणी रूपेश्वर (बाबा) ठाकुर
नव निर्वाचित उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत कांकेर
पंचूराम नायक
मिथलेश कुमार मंडावी
नितेश कुमार सलाम
राजेश्वरी नेतमा
गंगा बाई शौरी
लखन मंडावी
उमेश साहू
सरस्वती केमरो
रोमनाथ जैन
अहिल्या जैन
हिमेश्वरी साहू
हेमलता कवाची
गीता गावड़े
अशोक कचलाम


नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का
शपथ ग्रहण समारोह
दिनांक : 08/03/2025, दिन : शनिवार
समय : सायं 5:00 बजे
स्थान : सामुदायिक भवन, कांकेर रोड भानुप्रतापपुर
किरण नरेटी
अध्यक्ष, जिला पंचायत कांकेर
तारा ठाकुर
उपाध्यक्ष, जिला पंचायत कांकेर
निखिल सिंह राठौर
नव निर्वाचित अध्यक्ष
नगर पंचायत भानुप्रतापपुर
पार्षद गण
सुमित्रा साहू
पार्षद वार्ड क्र. 04
गुमान सिंह ठाकुर
पार्षद वार्ड क्र. 05
राजकुमार यादव
पार्षद वार्ड क्र. 06
रजिंदर रंधावा
पार्षद वार्ड क्र. 12
गजानंद डड़सेना
पार्षद वार्ड क्र. 14
विनीत :
भारतीय जनता पार्टी
मंडल भानुप्रतापपुर